## मेष



**01 से 06 जुलाई तक**-माह का प्रारम्भ **शुभदायक** है। आप **नये मकान** की **खरीददारी** या पुराने मकान का **जीर्णोद्धार** करवाने का विचार करेंगे। **लाभ** का खास अवसर नहीं मिलेगा। **अनुचित कार्यो** को त्याग दें अन्यथा **अपमान** का सामना करना पड़ेगा। आप **सर्व पाप संताप दोष निवृति इन्द्रेश्वर शिव दीक्षा** ग्रहण करे। उन्नति का मार्ग प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹ 3100/-**

**07 से 13 जुलाई तक**-समय आपके **प्रतिकूल** है। कार्य में बार-बार रूकावट आयेगी। **भौतिक ऐश्वर्य** के साधनों में **वृद्धि** होगी। पति-पत्नी के बीच **अनबन** रहेगी। आप अपने **क्रोध** पर नियन्त्रण बनाये रखे अन्यथा आप किसी कानूनी केस में फंस सकते है। आप अपने जीवन में आ रही **प्रतिकूल परिस्थितियों** के **निवारण** के लिये **अघोर पीड़ा नाशक गृहस्थ सुख-प्राप्ति वीर भैरव रक्षासूत्र** धारण करें। **न्यौछावर ₹ 1500/-**

**14 से 20 जुलाई तक**- समय आपके अनुकूल रहेगा। लोग आपका **मान-सम्मान** करेंगे। स्वयं के **व्यक्तित्व** में निखार लाने का प्रयास करेंगे। संतान **प्रेम-प्रसंग** अथवा **गलत संगत** से **भारी नुकसान** में पड़ सकते है, उनके **क्रिया -कलापों** पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आप उनके **भविष्य** को लेकर भी **चिंतित** रहेंगे।

**21 से 31 जुलाई तक**- **स्वास्थ्य** में कमी आ सकती है। खान-पान पर **नियंत्रण** रखें और मौसम के अनुसार भोजन करें। लोगों के बीच **शत्रु** आपकी **निंदा** करेंगे जिससे आप **मानसिक पीड़ा** से ग्रसित रहेंगे। **आर्थिक हानि** होने के भी **आसार** है, समय **व्यर्थ** में नष्ट होगा।

**शुभ तिथियाँ** 01,04,06,24

## वृषभ



**01 से 06 जुलाई तक**-माह का प्रारम्भ **प्रतिष्ठावर्द्धक** रहेगा। किसी **समारोह** में **मुख्य अतिथि** रूप में शामिल होंगे। **सर्वलाभकारी दिवस** है। नौकरी में पदोन्नति पाने के लिये **प्रयासरत** रहेंगे, **प्रतिस्पर्धा** कठिन रहेगी। **शत्रु** आपको नुकसान पहुँचाने का प्रयास करेंगे। आप पर कोई आरोप लग सकता है, सावधान रहे। आप **गृहस्थ शिव गौरी सौभाग्य प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थितियां आपके पक्ष में बनेगी। **न्यौछावर ₹ 2600/-**


**07 से 13 जुलाई तक**-समय **शुभदायक** है। **अविवाहित युवक-युवती** के **विवाह सम्बन्धित** बात आगे बढ़ेगी। घर के मामले में **पुनर्निमाण** का कार्य शुरू होगा। आप पहले से अधिक परिश्रम करेंगे।

**14 से 20 जुलाई तक**-अचानक कुछ **गंभीर परेशानियां** उभर सकती है। **मानसिक तनाव** रहेगा। **मित्र, शुभ चिंतक** आपके **आत्मबल** को दृढ़ करेंगे। **समस्या** को जड़ से **निर्मूल** करेंगे। घर में **उत्साहपूर्ण वातावरण** रहेगा। अधिक **भाग-दौड़** के कारण शरीर में **थकावट** महसूस करेंगे। योजनाबद्ध तरीके से काम करना **श्रेयस्कर** रहेगा।

**21 से 31 जुलाई तक**- समय आपके **अनुकूल** नहीं है। किसी से झगड़ा हो सकता है। **रक्तचाप की समस्या** उभर सकती है। आपको अपनी **जीवन-शैली** को निश्चित रूप से **सुधारना** होगा। कुछ **भौतिक वस्तुयें** प्राप्त होंगी। कला के क्षेत्र में आप **सफल** होंगे। मन में **सत्य निष्ठा** रहेगी। आप अपने जीवन में आ रही विकट परिस्थितियों के निवारण के लिये **लक्ष्मी नारायण मनोकामना पूर्ति दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 2800/-**

**शुभ तिथियाँ** 04,08,10,26

## मिथुन



**01 से 06 जुलाई तक**-माह का प्रारम्भ **तनाव पूर्ण** हो सकता है। आपके किसी **प्रिय व्यक्ति** की कही बात से आपको **गहरी चोट** पहुँचेगी। पारिवारिक सदस्य के **अस्वस्थ** रहने के कारण आप **चिंतित** रहेंगे। आकस्मिक **धन हानि** भी हो सकती है। **मन की शांति** हेतु किसी **तीर्थ स्थल** पर जायेंगे। आप अपने जीवन में आ रही **प्रतिकूल परिस्थितियों** के निवारण के लिये **महाकाल शतायु जीवन भय बाधा निवारण दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 3100/-**

**07 से 13 जुलाई तक**-**व्यापार** में **लाभ** प्राप्त होगा। लोगों के बीच आपका **मान-सम्मान** बढ़ेगा। नये लोगों से सम्पर्क स्थापित करेंगे। आपको कुछ **प्रतिस्पर्द्धा** का सामना करना पड़ेगा।

**14 से 20 जुलाई तक**- समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। काम में कोई गलती होने की **संभावना** है, सतर्क रहें। **विवादों** से दूर रहना **श्रेयस्कर** है। **विद्यार्थियों** का परीक्षा परिणाम **अनुकूल** नहीं होने से **मनपसंद** कॉलेज में दाखिला नहीं मिलेगा।

**21 से 31 जुलाई तक**-आप **नकारात्मक** विचारो से **पीड़ित** रहेंगे। **सकारात्मक विचारों** का अभ्यास करने से **नकारात्मक विचार** समाप्त होंगे और आप नये सिरे से **शुरूआत** कर पायेंगे, आपके लिये आवश्यक होगा कि आप **नकारात्मकता** को अपने ऊपर हावी ना होने दें, अन्यथा आपको अनेक **समस्याओं** का सामना करना पड़ सकता है। बड़े-बजुर्गो के **स्वास्थ्य** पर ध्यान दें। आप कड़ी मेहनत से अपनी **मनोकामना** पूर्ण करेंगे। यह **विस्तार** और **विकास** का उत्तम समय हो सकता है।

**शुभ तिथियाँ** 02,06,09,30



## कर्क

**01 से 06 जुलाई तक**–माह का प्रारम्भ **सामान्य** रहेगा। इस समय आप कुछ **महत्त्वपूर्ण निर्णय** लेंगे। आपकी **मनोकामना पूर्ण** हो सकती है। अपने आप को **पहचानने** की कोशिश में रहेंगे।

**07 से 13 जुलाई तक**– **आत्म विश्वास** में **वृद्धि** होगी। कार्यालय में **मान प्रतिष्ठा** बढ़ेगी। **व्यवसाय** में **महत्त्वपूर्ण निर्णय** लेंगे, जिससे **आर्थिक लाभ** बढ़ेगा। किसी भी क्षेत्र में **सफल** होने हेतु **वाक् चातुर्य** आवश्यक है। आप **शिव चेतन्य ज्ञान-वाक सिद्धि दीक्षा** सम्पन्न करें जिससे आप हर क्षेत्र में **अग्रणी** रहेंगे व आपके सामने आ रही **बाधाओं** का **निवारण** होगा। **न्यौछावर ₹ 3100/-**

**14 से 20 जुलाई तक**–समय आपके **प्रतिकूल** है। आपकी मेहनत **असफल** हो सकती है। पूरी कोशिश करने के बाद भी कोई रास्ता नहीं निकलेगा। किसी पर जरूरत से ज्यादा **विश्वास** न करें, **नुकसान** हो सकता है। आपका **ध्यान लक्ष्य** पर रहेगा। **प्रभावशाली लोगों** का साथ रहेगा। परिवार के साथ **सामंजस्य** बनाकर चलेंगे। मित्रों के साथ कहीं **घूमना-फिरना** हो सकता है या कहीं **पर्वतीय क्षेत्र** में भ्रमण पर जायेंगे।

**21 से 31 जुलाई तक**– पत्नी के साथ ताल-मेल बिठायेंगे। कोई **अशुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। इस समय किसी को **उधार** न दें। **ईश्वर** की **कृपा** से आपकी **कमजोरियां** दूर होगी, जिससे आप **सम्भल** जायेंगे। धन का आगमन होगा। किसी **महत्त्वपूर्ण व्यक्ति** से मुलाकात होगी, जिससे **उन्नति का मार्ग प्रशस्त** होगा, नौकरी में **प्रमोशन** के आसार है, मौसम के अनुसार **भोजन** करें।

**शुभ तिथियाँ 02,07,11,13**



## सिंह

**01 से 06 जुलाई तक**–माह की शुरूआत **शुभ** रहेगी। **समय भी उत्तम है।** सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे जो आगे **लाभदायक** साबित होगा। घर परिवार की ओर ध्यान दे पायेंगे। आप किसी **धार्मिक यात्रा** पर जा सकते हैं मन **प्रसन्नचित** रहेगा। **व्यवसाय** में इच्छित फल प्राप्त होगा।

**07 से 13 जुलाई तक**–**धन** के मामले में आप **सफल** होंगे। **समाज** या **गुरू सेवा** में आप **व्यस्त** रहेंगे। **कवि, लेखक, पत्रिका** सम्बन्धित लोग अपने कार्य में **सफलता हासिल** करेंगे। **स्थानान्तरण** का योग बन रहा है। आप **अघोर पीड़ा नाशक गृहस्थ सुख प्राप्ति वीर भैरव रक्षासूत्र** धारण करें जिससे परिस्थितियां आपके अनुकूल होगी।

**न्यौछावर ₹ 1500/-**

**14 से 20 जुलाई तक**– **ससुराल पक्ष** से **मतभेद** हो सकता है। कोई **पुराना रोग** फिर उभरेगा। **घर के बुजुर्ग** को लेकर **अस्पताल** का चक्कर काटना पड़ सकता हैं। अचानक **धन हानि** होगी जिससे **आर्थिक बजट** बिगड़ेगा। काम और परिवार के बीच संयम रखना मुश्किल होगा। आप **महाकाल उमा गौरी कृष्णत्व विजयश्री दीक्षा** ग्रहण करें जिससे **परिस्थितियां** आपके **अनुकूल** होगी।

**न्यौछावर ₹ 2100/-**

**21 से 31 जुलाई तक**– **उच्च अधिकारी** का **सहयोग** प्राप्त होगा। **दफ्तर** में आपका **मान-सम्मान** बढ़ेगा। **विद्यार्थी वर्ग** अपनी **पढ़ाई** पर **लापरवाही** न करे, शुरू से ही **योजनाबद्ध** तरीके से पढ़ाई करने से परीक्षा के समय में **घबराने** की जरूरत नहीं रहेगी। **पति-पत्नी** के बीच **प्रेम भाव** बढ़ेगा। किसी से अकारण ही **वाद विवाद** हो सकता है। आप स्वयं पर **नियत्रंण** रखें।

**शुभ तिथियाँ 03,07,26,30**



## कन्या

**1 से 06 जुलाई तक**–माह की शुरूआत **सामान्य** रहेगी। **विद्यार्थियों** के लिये समय **लाभदायक** है। **इच्छित कॉलेज** में सीट मिलेगी। नये लोग, नये वातावरण से आप **उत्साहित** रहेंगे। **पैतृक सम्पति** को लेकर भाईयों से **हल्का-फुल्का** विवाद हो सकता है। **मनोकामना पूर्ति** हेतु आप **ईश्वर** का **आश्रय** लेंगे। आप **लक्ष्मी नारायण मनोकामना पूर्ति दीक्षा** ग्रहण करें, **परिणाम** आपके पक्ष में होगा।

**न्यौछावर ₹ 2800/-**

**07 से 13 जुलाई तक**–समय आपके **अनुकूल** नहीं है। आमदनी बढ़ाने में **प्रयासरत** रहेंगे पर **विफल** होंगे। व्यवसाय में **अनावश्यक व्यय** को **नियंत्रण** करने में **सफल** होंगे। दफ्तर में **उच्च अधिकारी** आपका **समर्पण** देखकर **संतुष्ट** होंगे।

**14 से 20 जुलाई तक**– आपके **आत्म विश्वास** में **वृद्धि** होगी। **सरकारी कार्य** की पूर्ति हेतु सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। **रचनात्मक कार्यो** में आपकी **रूचि** बढ़ेगी। आपका **स्वाभिमान** ही आपको आगे बढ़ने के लिये **प्रोत्साहित** करेगा। एकान्त में रहना आप पसंद करेंगे।

**21 से 31 जुलाई तक**–मेहमान का **आगमन** होगा। खरीददारी के लिये बाहर जा सकते है। **मनोरंजन** आदि में **धन व्यय** होगा। बच्चो के साथ **मौज मस्ती** करेंगे। घर में **उत्साहपूर्ण वातावरण** रहेगा। **नौकरी** में आया **असमंजस** दूर होगा। **व्यापार** में भी **स्थितियां** आपके **अनुकूल** होंगी, थोड़ा परिश्रम कर आप दिन दुगुनी रात चौगनी उन्नति करने में **सफल** होंगे। युवतिया अपने सौन्दर्य को लेकर चितिंत रहेगी व अपने **सौन्दर्य** को बढ़ाने में आतुर रहेंगी।

**शुभ तिथियाँ 04,12,16,25**

## तुला



**01 से 06 जुलाई तक**-माह का आरम्भ **लाभदायक** रहेगा। नौकरी में किये गये **कार्य** का **सुफल** इस समय प्राप्त होगा। आपको **परेशानियों** का सामना करना पड़ सकता है। **वैवाहिक जीवन** में **अप्रसन्नता** रहेगी। आपकी सही बात को भी लोग गलत समझेंगे। कहीं **धार्मिक यात्रा** पर जा सकते है। आप **भगवान शिव गौरी पाप शमन सर्वकार्य सिद्धि प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें, **न्यौछावर ₹ 3100/-**

**07 से 13 जुलाई तक**-**भविष्य** को ध्यान में रखते हुये आप **जमीन-जायदाद** में निवेश करेंगे। किसी **दस्तावेज** में हस्ताक्षर करने से पहले पूरा पढ़ें या **विशेषज्ञ** से सलाह लें। **संगीत, अभिनय** से जुड़े लोगों के लिये समय **उत्तम** है।

**14 से 20 जुलाई तक**- आप **दुनिया** को नये नजरिये से देखेंगे। आपके **कठोर परिश्रमी** होने के कारण **सफलता** आपके पैर छूयेगी। आप अपने काम से **संतुष्ट** रहेंगे। आकस्मिक **धन हानि** हो सकती है तथा आप इस समय किसी को रूपये **उधार** देने से बचे अन्यथा आपका उधार दिया रूपया फंस सकता है।

**21 से 31 जुलाई तक**-समय **शुभदायक** है। बच्चो से संबंधित कोई **महत्त्वपूर्ण कार्य** सम्पन्न होगा। सरकार की तरफ से **सहयोग** प्राप्त होगा। अपने आप को **गौरवान्वित महसूस** करेंगे। परिवार आपकी **प्राथमिकता** पर होगा, इस समय की यात्रा **लाभदायक** होगी। आप दूसरों द्वारा अपने काम में **हस्तक्षेप** करना पसन्द नहीं करेंगे, **महिलायें** घर-गृहस्थी के कार्य में अत्यधिक व्यस्त रहेगी, विद्यार्थीयों के लिय समय **अनुकूल** है, नये सत्र में **सरलता** से प्रवेश मिलेगा।

**शुभ तिथियाँ 01,20,25,29**

## वृश्चिक



**01 से 06 जुलाई तक**-माह का आरंभ **ठीक** नहीं है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, **दुर्घटना** होने की **संभावना** है। **अकारण भय** से आप **परेशान** रहेंगे। **नकारात्मक चिंतन** भी **हावी** होंगे। इस परिस्थिति से बचने के लिये **पूजा-पाठ, साधना** आदि सम्पन्न करेंगे। आप **गुरूदेव** की शरण में जाकर **पितेश्वर ऋण-दोष पाप मुक्ति तंत्र बाधा मानसिक तनाव शमन दीक्षा** ग्रहण करें। उन्नति का मार्ग प्राप्त होगा।

**न्यौछावर ₹ 1500/-**

**07 से 13 जुलाई तक**-पुराना फंसा हुआ काम किसी **प्रभावशाली व्यक्ति** की मदद से पूर्ण होगा। **बड़े-बुजुर्गो** के **स्वास्थ्य** पर ध्यान रखें। शत्रु आपके **खिलाफ षड्यंत्र** रच कर **विफल** होंगे। पति-पत्नी के बीच **तनावपूर्ण** वातावरण रहेगा। आप स्वयं पर **नियत्रंण** रखें व **क्रोध** करने से बचे।

**14 से 20 जुलाई तक**-जान-पहचान वालों से आप **प्रेम** व **मेल-जोल** बढ़ायेंगे नौकरी में आपका **मान-सम्मान** बढ़ेगा। **आर्थिक स्थिति** कमजोर रहेगी। **अपरिहार्य खर्च** आयेगा। आर्थिक बजट बिगड़ेगा। **रिश्तेदार** इस समय आपसे नजरें चुरायेंगे। मन थोड़ा-सा विचलित व डांवाडोल रहेगा। मित्र आपकी मदद करेंगे।

**21 से 31 जुलाई तक**-**भाग्योन्नति** को लेकर आप **नई-नई संभावनायें** तलाशेंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते है। पुराने दिनों की याद करके थोड़े से **भावुक** हो उठेंगे। आप **योजनाबद्ध** तरीके से कार्य करेंगे। आपकी **मनोकामना पूर्ण** होगी। **कमरदर्द** से आप **पीडित** रहेंगे। **योग, प्राणायाम** करे जिससे आप तन और मन से स्वस्थ रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 07,12,24,28**

## धनु



**01 से 06 जुलाई तक**-माह की शुरूआत अच्छी नहीं रहेगी। बनता हुआ काम रूक जायेगा। कार्यालय में अधिकारी से डांट सुननी पड़ सकती है। आपका **भरोसेमंद व्यक्ति विश्वासघात** कर सकता है। पति-पत्नी के बीच **गलतफहमिया** होने की **संभावना** है। आप **गृह कलेश निवृति शिवत्व अखण्ड सुख वृद्धि पूर्ण मनोकामना सिद्धि रूद्राणी दीक्षा** ग्रहण करें, **परिस्थितियां** आपके नियंत्रण में रहेगी। **न्यौछावर ₹ 1800/-**

**07 से 13 जुलाई तक**- कार्यलय में कुछ **नवीन नियमों** से आप **चिंतित** रहेंगे। भविष्य के लिये कोई **अच्छा निवेश** ढूंढेंगे। संतान द्वारा कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। **धार्मिक कार्यकलापों** की ओर **आकर्षित** होंगे।

**14 से 20 जुलाई तक**- **व्यापार** के **विकास** हेतु कुछ **महत्त्वपूर्ण निर्णय** लेंगे, जिसका **प्रतिफल** आपको शीघ्र ही मिलेगा। किसी **जरूरतमंद व्यक्ति** की मदद करेंगे। आने वाला धन बीच में ही फंस जायेगा। **विद्यार्थियों** के लिये समय **शुभदायक** है, दिन-रात मेहनत करने का **प्रतिफल** प्राप्त होगा। **घर-परिवार** के बीच खुशियां फैलेगी।

**21 से 31 जुलाई तक**- सम्पति सम्बन्धी **विवाद** किसी की **मध्यस्ता** से हल होगा। **भाई-बहन** के बीच **मधुरता** बढ़ेगी। **खान-पान** पर **नियंत्रण** रखें और **योग, प्राणायाम** अपनाइये, **स्वास्थ्य** में **सुधार** होगा। मेहमान का आगमन होगा। घर में **उत्साह** का माहौल बनेगा। **मौज मस्ती** करेंगे, **अधिक व्यय** की **संभावना** है, जिससे **आर्थिक बजट** बिगड़ सकता है, **धन आगमन** के भी **स्त्रोत** बनते रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 02,11,24,29**

PMYV



## मकर

**01 से 06 जुलाई तक**-माह का आरम्भ उन्नति प्रद रहेगा। आप पूर्ण आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। आपकी रचनात्मक कला का विकास होगा। आप कठिन परिश्रम करेंगे और उसके अनुसार फल भी प्राप्त होगा। किसी संत, महापुरूष से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। पूजा, पाठ, साधना आदि में व्यस्त रहेंगे।

**07 से 13 जुलाई तक**-इस माह व्यवसाय गति पकड़ेगा। घर-परिवार के बीच मधुरता बढ़ेगी। खान-पान पर नियंत्रण रखें और बाहरी खाना त्याग दें शरीर स्वस्थ रहेगा। यात्रा के दौरान दुर्घटना होने की आशंका है। सावधानी रखें।

**14 से 20 जुलाई तक**- समय आपके प्रतिकूल है। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। हर निर्णय सोच विचार करने के बाद ही लें अन्यथा नुकसान हो सकता है। आप में ईर्ष्या का भाव पैदा होगा। कार्य के सम्बन्ध में आपको व्यर्थ ही भटकना पड़ सकता है।

**21 से 31 जुलाई तक**- लंबे समय से फंसा हुआ काम पूर्ण होगा। आप अत्यन्त दयालु होने के कारण बिना सोचे लोगों की मदद करेंगे जिससे आप मुसीबत में फंस सकते है अथवा कुछ लोग आपका फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। संसारी ताना-बाना अपनाये, जिससे जीवन सरल हो सके। आपके परिवार में कोई मांगलिक कार्य की योजना बन सकती है, पुत्र-पुत्री का विवाह निर्धारित होने की संभावना है। लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। आप महाकाल उमागौरी कृष्णत्व विजयश्री दीक्षा सम्पन्न करें।

**न्यौछावर ₹ 2100/-**

**शुभ तिथियाँ** 01,20,26,29



## कुंभ

**01 से 06 जुलाई तक**-माह की शुरूआत शुभदायक रहेगी। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। इस समय असंभव कार्य भी संभव हो जायेगा। आप लक्ष्य को हासिल करने हेतु कड़ी मेहनत करेंगे। मित्रों के साथ कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। आध्यात्मिक जीवन में रूचि बढ़ेगी। हर बाधा का सामना करते हुये लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आप सर्व पाप संताप दोष निवृति इन्द्रेश्वर शिव दीक्षा ग्रहण करें। आवश्यक है। **न्यौछावर ₹ 3100/-**

**07 से 13 जुलाई तक**- समय अनुकूल रहेगा। आप माता-पिता की जरूरतों को पूर्ण करेंगे। व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होगी। पुराना फंसा हुआ धन प्राप्त होगा। अकारण ही किसी विवाद में फंस सकते है। वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है, गुप्त शत्रु भी सक्रिय होंगे साथ प्रतिस्पर्धा में कड़ी मेहनत की आवश्यकता होगी।

**14 से 20 जुलाई तक**- कोई अशुभ घटना घटित होने का योग बन रहा है। शत्रु इस समय सक्रिय रहेंगे, सावधान रहें। निवेश करने से पहले अच्छी तरह से विचार कर लें अन्यथा नुकसान होने की संभावना है। यदि कहीं यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बना रहे है, तो समय अनुकूल है तथा यात्रा के दौरान सावधान रहें।

**21 से 31 जुलाई तक**- सरकारी कार्य सफल होंगे। मित्रों के सहयोग से आप फिर खड़े होंगे। बिगड़े कार्य सुधरेंगे। धन प्राप्ति हेतु किये गये प्रयास सफल होंगे। रियल एस्टेट से लाभ प्राप्त हो सकता है। अधिक भाग-दौड़ के कारण शरीर थक जायेगा, स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**शुभ तिथियाँ** 02,07,11,20



## मीन

**01 से 06 जुलाई तक**-माह का आरम्भ मिश्रित फलों से युक्त रहेगा। बाकी परेशानियों से तो कुछ राहत मिल ही जायेगी, परंतु आर्थिक परेशानी वैसे की वैसे ही रह जायेगी। मन उदास रहेगा। व्यापार को लेकर नवीन योजनायें बनेगी। व्यापार में अपने कर्मचारियों पर ध्यान रखें अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फंस सकते है।

**07 से 13 जुलाई तक**-समाज सेवा में लगे रहेंगे। मेहनत के अनुसार फल प्राप्त होगा। जमीन-जायदाद सम्बन्धित मसले किसी बुद्धिमान व्यक्ति की मध्यस्थता से हल होंगे। सरकारी कार्यो में खर्च आ सकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। नौकरी में स्थितियां थोड़ी तनावपूर्ण ही रहेगी।

**14 से 20 जुलाई तक**- समय आपके प्रतिकूल है। घोर कष्ट के कारण आप परेशान रहेंगे और आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होने के कारण परिवार पर भी इसका असर पड़ेगा। व्यवसाय में रूकावट आयेगी जिससे धन का नुकसान होगा। शत्रु के सामने हार होगी। माता-पिता से अनबन हो सकती है। कार्यालय में काम का बोझ अधिक रहेगा और सहकर्मी से भी सहयोग नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा। आप शिव चेतन्य ज्ञान-वाक सिद्धि दीक्षा ग्रहण करें, परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर ₹ 3100/-**

**21 से 31 जुलाई तक**- आप कोई महत्त्वपूर्ण विषय पर काम करेंगे। व्यापार सम्बन्धित आपकी गुप्त बातें उजागर हो सकती है। आर्थिक स्थिति सुधरेगी, युवा वर्ग अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे।

**शुभ तिथियाँ** 14,19,21,24